प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में आचार्य विद्यानंद जी महाराज शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे।
- 29वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आज जयपुर में–135 भामाशाहों का सम्मान किया जायेगा।
- राज्य सरकार ने 143 गांवों के किसानों को रबी फसल खराबे में 239 करोड़ रूपये के मुआवजे की मंजूरी दी।
- समूचा प्रदेश मॉनसूनी बारिश से तरबतर – आज भी सभी संभागों में बरसात की संभावना।

................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में आचार्य विद्यानंद जी महाराज शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे। वे इस अवसर पर लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह कार्यक्रम भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आचार्य विद्यानंद जैन समुदाय के एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक थे। उनकी 100वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह एक वर्ष तक चलेगा। इस दौरान देश भर में सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। आचार्य विद्यानंद जी महाराज ने प्राकृत, जैन दर्शन और शास्त्रीय भाषाओं के लिए काम किया। देश के जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

................

29वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आज जयपुर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने वाले 135 भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा।प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि इनमें 1 करोड़ रुपए से अधिक राशि का सहयोग देने वाले 35 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण सम्मान और 30 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का सहयोग देने वाले 100 भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान प्रदान किया जाएगा। भामाशाहों को प्रेरित करने वाले 91 प्रेरक भी सम्मानित होंगे। इसके साथ ही मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में प्रवासी राजस्थानी शिक्षा सम्मेलन आयोजित करने वाले 15 प्रवासी राजस्थानी भामाशाहों का सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर भामाशाह प्रशस्ति पुस्तिका और शिविरा ई–बुलेटिन का विमोचन भी होगा। इसके अलावा आरटीई के तहत विद्यार्थियों की फीस पुनर्भरण और ट्रांसपोर्ट वाउचर की कुल एक हजार करोड़ रुपए की राशि का सीधे बैंक खातों में हस्तान्तरण भी किया जायेगा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद रहेंगे।

................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिक्षकों को राष्ट्रनिर्माण की रीढ़ बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल बुद्धि नहीं, बल्कि चरित्र गढ़ने का माध्यम होनी चाहिए। वे कल हनुमानगढ़ के गोगामेडी में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश समिति के दो दिवसीय महाअधिवेशन के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल पाठ्यक्रम का बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। राज्यपाल ने गुरु गोरखनाथ धाम और गोगाजी के दर्शन किए तथा प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफार्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा की गाडी से 9 लाख 35 हजार रूपये बरामद किये गये है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड के नेतृत्व में की गई इस

कार्यवाही में जगराम मीणा की गाडी का औचक निरीक्षण किया गया। देररात तक एसीबी की ओर से जगराम मीणा के घर और दफ्तर में कार्रवाई जारी रही।

...............

राज्य सरकार ने 143 गांवों के किसानों को रबी फसल खराबे में 239 करोड़ रूपये के कृषि आदान–अनुदान की मंजूरी दी है। यह राशि आपदा राहत कोष से वितरित की जाएगी। इससे 70 हजार से ज्यादा किसानों को राहत मिलेगी। गौरतलब है कि रबी फसल सीजन 2024–25 में 8 जिलों की 18 तहसीलों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इनकी जल्द गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद राज्य सरकार द्वारा 33 प्रतिशत से अधिक खराबे वाले 143 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया था।

...............

राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी ने कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से किसानों की उन्नति और समृद्धि के लिए लगातार किसान कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। श्री चौधरी कल जैसलमेर में आयोजित एक किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए राजस्थान किसान आयोग काम कर रहा है। उधर झुंझुनूं में कल कृषि वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिलेभर से 30 किसानों ने भाग लिया। दो दिन के इस कार्यक्रम के दौरान कृषिवैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत और नई कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी। कृषि विभाग के उप निदेशक शीशराम जाखड ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि किसानों की आय बढाने के लिए उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाये।

...............

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान–काजरी में इस साल खजूर की बम्पर पैदावार हुई है। मानसून से पहले ही खजूर की एडीपी–1 किस्म के फल आने से इनकी तुड़वाई भी शुरू हो गई है।

.....

...............

समूचा प्रदेश मॉनसूनी बारिश से तरबतर है। कल राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर दिनभर रूक–रूक कर बरसात की झडी लगी रही। बांसवाडा में रातभर झमाझम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सज्जनगढ में 13 सेंटीमीटर और सल्लोपाट में 11 सेंटीमीटर पानी बरसा। वहीं राज्य के पश्चिमी इलाकों में भी बरसात का सिलसिला शुरू हो गया है। कल जैसलमेर में तेज बरसात हुई। इससे गडीसर तालाब सहित अन्य जल स्त्रोतों में पानी की आवक हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला कलेक्टर ने जलभराव की स्थिति में आमजन को तत्काल राहत पंहुचाने के निर्देश दिए है।

...............